भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1871**
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

## अमृतसर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए पैकेज

**1871. श्री गुरजीत सिंह औजलाः**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** क्या सरकार को पता है कि अमृतसर के सीमावर्ती गाँवों में रहने वाले लोग लगभग पूरी तरह से कृषि पर निर्भर हैं तथा उनकी आय के स्रोत सीमित हैं और औद्योगिक अवसरों की कमी के कारण युवा पीढ़ी खेती में रुचि खो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या सरकार का कृषि औद्योगिक रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, कोल्ड चेन और मूल्य-संवर्द्धन अवसंरचना स्थापित करने के लिए विशेष अनुदान या पैकेज प्रदान करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** सरकार इस क्षेत्र से प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात को सहायता देने के लिए अमृतसर के अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन और कार्गो टर्मिनल को किस प्रकार एकीकृत करने की योजना बना रही है; और

**(घ)** क्या सरकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, मेगा फूड पार्क जैसी केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत अमृतसर को प्राथमिकता देगी या ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सीमा-विशिष्ट खाद्य निर्यात संकुल शुरू करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) कृषि आधारित उद्योगों सहित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने और उसे सुनिश्चित करने के लिए, अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं अर्थात प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) के माध्यम से संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अलावा, एमओएफपीआई केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना भी लागू कर रहा है । ये तीनों योजनाएं पंजाब के अमृतसर जिले सहित पूरे देश में लागू की जा रही हैं और इससे कृषि-इतर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ रही है।

पीएमकेएसवाई के अंतर्गत, एमओएफपीआई ने पंजाब के अमृतसर जिले में 51.63 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली तीन खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है और 12.17 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंज़ूरी दी है ।

पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत, एमओएफपीआई ने पंजाब के अमृतसर जिले में 2.74 करोड़ रुपये की कुल सब्सिडी के साथ 42 प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है ।

**(ग):** नगर विमानन मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज़ कंपनी लिमिटेड (एएआईसीएलएएस) ने अमृतसर हवाई अड्डे पर विशेष अंतरराष्ट्रीय और घरेलू एयर कार्गो सुविधाएं स्थापित की हैं। घरेलू एयर कार्गो फैसिलिटी की सालाना हैंडलिंग कैपेसिटी 1100 मीट्रिक टन है और अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो फैसिलिटी की सालाना हैंडलिंग कैपेसिटी 32,400 मीट्रिक टन है। एएआईसीएलएएस को अमृतसर हवाई अड्डे के लिए आरए 3 सिक्योरिटी सर्टिफिकेट भी मिला है। (यूके और यूरोपीय संघ के देशों में सीधे निर्यात के लिए आरए 3 सिक्योरिटी सर्टिफिकेशन ज़रूरी है।)

एएआईसीएलएएस ने अमृतसर हवाई अड्डे में 1224 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में नया घरेलू एयर कार्गो टर्मिनल बनाया है, जिसकी सालाना संचालन क्षमता 40,000 मीट्रिक टन से ज़्यादा है। अमृतसर एयरपोर्ट पर सुसज्जित शीत शृंखला सुविधा है, जिसका इस्तेमाल स्थानीय निर्यातक कृषि उत्पाद और औषधि उत्पाद के निर्यात के लिए कर सकते हैं ।

**(घ):** जैसा कि पहले बताया गया है, एमओएफपीआई पंजाब के अमृतसर ज़िले सहित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम का उन्नयन करने/स्थापित करने के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएमएफएमई योजना लागू कर रहा है। इसके अलावा, मेगा फूड पार्क योजना को दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है।

एमओएफपीआई की लागू की गई योजनाओं का उद्देश्य खेत से खुदरा विक्रेता तक उत्तम आपूर्ति शृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण करना है, जिसमें भंडारण ,परिवहन आदि शामिल हैं। इससे किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा और खासकर ग्रामीण इलाकों में रोज़गार के बड़े अवसर पैदा होंगे, प्रसंस्करण स्तर बढ़ेगा, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात बढ़ेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और समावेशी विकास में मदद मिलेगी।

*****